हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, शनिवार 9 अगस्त 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट


तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री


14 अजा-अजजा छात्रावास में लगा विधिक जागरूकता शिविर



13 हर घर स्वच्छता अभियान का शुभारंभ..




# रक्षाबंधन पर मिठाइयों की गुणवत्ता जांच में 6 नमूने अमानक, मौके पर नष्ट

## जिले के मिठाई और दुग्ध उत्पाद विक्रेताओं से 68 खाद्य नमूनों की जांच की गई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

■ साजा में भी दुकानों का औचक निरीक्षण

रक्षाबंधन पर्व के मद्देनज़र जिले में खाद्य सुरक्षा को लेकर प्रशासन सतर्क है। बने खाबों–बने रहिबों अभियान के तहत चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला द्वारा जिले के विभिन्न मिठाई और दुग्ध उत्पाद विक्रेताओं से कुल 68 खाद्य नमूनों की जांच की गई। इनमें से 6 नमूने अमानक पाए गए, जिन्हें मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। प्रशासन द्वारा जारी जानकारी के अनुसार बजरंग होटल, बीकानेर स्वीट्स, गुड विल द बेकरी सेंटर, हरिओम जोधपुर स्वीट्स, अनिल स्वीट्स, विजय होटल एंड भोजनालय, मधुबन जोधपुर स्वीट्स सहित अन्य प्रतिष्ठानों से बरफी, कलाकंद, काजू कतली, मिल्क केक, गुलाब जामुन, बेसन पपड़ी, बर्थडे केक जैसे 18 प्रमुख उत्पादों के नमूने संकलित कर जांच के लिए भेजे गए हैं।

खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत दोषी पाए गए प्रतिष्ठानों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जाएगी। हाल ही में ऐसे 5 मामलों को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

### खास बातें

- दुकानदारों को दिए गए दिशा–निर्देश
- अखबारी कागज का उपयोग न करें।
- वेज व नॉनवेज पदार्थों को अलग–अलग रखें।
- एफएसएसएआई स्वीकृत खाद्य रंगों का ही उपयोग करें।
- मिठाइयों को ढंककर रखें एवं स्वच्छता बनाए रखें।



### साजा में भी कार्रवाई

विकासखंड साजा में एसडीएम के नेतृत्व में तहसीलदार श्री मानकर, खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री राजू कुर्रे एवं नमूना सहायक कमल प्रसाद ने स्थानीय मिठाई दुकानों का निरीक्षण किया। मिठाई के नमूने एकत्र कर दुकानदारों को स्वच्छता, गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों का पालन करने के निर्देश दिए गए। प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे मिठाई खरीदते समय निर्माण तिथि और समाप्ति तिथि अवश्य जांचें, ताकि त्योहार के दौरान सुरक्षित और गुणवत्तायुक्त खाद्य सामग्री का उपभोग किया जा सके।

## लापरवाही : प्रतिबंध के बाद भी उपयोग में लाए जा रहे सिंगल यूज पॉलीथिन

# जिले में 3 साल बाद भी पॉलीथिन पर बैन बेअसर, शहर में कचरा पेटियां भी नदारद

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

■ पर्यावरण के लिए बना खतरा, खुलेआम हो रहा उपयोग

जिले में जुलाई 2022 से प्रतिबंधित सिंगल यूज पॉलीथिन पर रोक अब तक प्रभावी ढंग से लागू नहीं हो पाई है। शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक बाजारों में धड़ल्ले से पॉलीथिन का उपयोग हो रहा है। पर्यावरण के लिए घातक यह पॉलीथिन अब भी दुकानों और बाजारों में खुलेआम इस्तेमाल हो रही है, जबकि इसके उपयोग पर सख्त सजा और जुर्माने का प्रावधान है। सरकार द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक पर बैन लगाए जाने को तीन साल हो चुके हैं, लेकिन शहर में न तो जांच अभियान चल रहे हैं और न ही लोगों में जागरूकता दिखाई दे रही है। नतीजा ये है कि दुकानदार और ग्राहक दोनों ही पॉलीथिन का प्रयोग करते नजर आते हैं। विशेषकर सब्जी मंडियों और किराना दुकानों में इसका उपयोग सबसे ज्यादा देखा जा रहा है।

### पॉलीथिन के बेहतर विकल्प मौजूद, लेकिन लोग नहीं अपना रहे

बाजार में जूट, कपड़े और कागज से बने थैलों के कई विकल्प मौजूद हैं। ये पर्यावरण के अनुकूल हैं और स्थानीय स्तर पर रोजगार का माध्यम भी बन सकते हैं। इसके बावजूद ग्राहक और व्यापारी सुविधा के नाम पर पॉलीथिन का ही चयन कर रहे हैं। लोग अपने साथ थैला लेकर बाजार नहीं जाते, जिससे दुकानदार भी मजबूरी में पॉलीथिन में सामान देते हैं।



### हर दिन बढ़ रहा प्लास्टिक का ढेर

नगर में हर दिन निकलने वाले कचरे में बड़ी मात्रा में पॉलीथिन और डिस्पोजल सामग्री शामिल है। यह स्थिति चिंताजनक है क्योंकि यह न केवल जल निकासी व्यवस्था को बाधित करती है बल्कि वातावरण और जीव-जंतुओं के लिए भी खतरनाक है।

### प्रशासनिक सख्ती गायब, जांच टीम निष्क्रिय

गांव के दुकानदार भी पॉलीथिन का जमकर उपयोग कर रहे हैं। वे इसे शहर के बड़े व्यापारियों से खरीदते हैं, लेकिन इनकी जांच करने वाली प्रशासनिक टीम शायद ही कभी मैदान में उतरती हो। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने राज्य एजेंसियों को कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। उल्लंघन की स्थिति में 5 साल की जेल या 1 लाख रुपये तक जुर्माना लगाया जा सकता है, लेकिन धरातल पर कुछ होता नहीं दिख रहा।

### खुले में फैल रहा कूड़ा

नगर पालिका द्वारा सफाई व्यवस्था को लेकर समय-समय पर अभियान चलाया जाता है, लेकिन शहर में अब प्रमुख स्थानों से कचरा पेटियां ही नदारद हो चुकी हैं। चौक-चौराहों, मंदिरों, बाजारों, बस स्टैंड और सार्वजनिक भवनों के आसपास लोग कूड़ा खुले में फेंकने को मजबूर हैं। इससे न केवल गंदगी बढ़ रही है बल्कि बीमारियों का खतरा भी बना हुआ है।

**जरूरत है जागरूकता और सख्त कार्रवाई की:** स्थिति को सुधारने के लिए प्रशासन को सख्त कार्रवाई करनी होगी। पॉलीथिन के विकल्पों को बढ़ावा देने के साथ ही उपयोग करने वालों पर जुर्माना लगाना होगा। नगर पालिका को जगह-जगह कचरा पेटियां फिर से स्थापित करनी चाहिए ताकि कचरे को नियंत्रित किया जा सके। इसके साथ ही नागरिकों को भी जिम्मेदारी से व्यवहार करना होगा।

# स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारी का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह को भव्य और आकर्षक बनाने के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रमों की पूर्व तैयारी का अवलोकन किया गया। जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेमलता मंडावी के नेतृत्व में जिला के अधिकारियों की एक टीम ने उन विद्यालयों का दौरा किया, जिन्हें समारोह में सांस्कृतिक प्रस्तुति देने के लिए चुना गया है।

इस दौरान टीम ने विद्यालयों में जाकर छात्रों द्वारा तैयार किए जा रहे गीत, नृत्य, नाटक एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का बारीकी से निरीक्षण किया। प्रस्तुति देखने के पश्चात श्रीमती मंडावी ने विद्यालय के प्रमुखों, सांस्कृतिक प्रभारियों एवं प्रतिभागी छात्रों को कार्यक्रमों की गुणवत्ता और प्रस्तुति में सुधार के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस जैसे राष्ट्रीय पर्व पर प्रस्तुतियां न केवल मनोरंजक हों, बल्कि उनमें देशभक्ति की भावना और सांस्कृतिक विविधता का भी संदेश झलके। निरीक्षण के दौरान दल ने स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय बेमेतरा, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल, एम्बो पब्लिक स्कूल, प्रेरणा विद्यालय कठिया-रांका और एलन्स पब्लिक स्कूल में चल रही तैयारियों को देखा। इस निरीक्षण दल में जिला शिक्षा अधिकारी कमल कपूर बंजारे, संयुक्त कलेक्टर डॉ. दीप्ति वर्मा, डिप्टी कलेक्टर सुश्री दिव्या पोटाई, व्याख्याता सुनील कुमार झा और धनंजय शर्मा शामिल थे। सभी अधिकारियों ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें अपने प्रदर्शन में सर्वश्रेष्ठ देने के लिए प्रेरित किया।

## खबर संक्षेप

### जिले में सुरक्षित मातृत्व अभियान 11 अगस्त से

**बेमेतरा।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान 11 अगस्त से जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों में आयोजित किया जाएगा। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य गर्भवती महिलाओं में उच्च जोखिम वाले लक्षणों की पहचान करना और विशेषज्ञ तथा प्रशिक्षित चिकित्सकों द्वारा गुणवत्तापूर्ण संपूर्ण प्रबंधन सुनिश्चित करना है। इस दौरान महत्वपूर्ण रूप से शतप्रतिशत उच्च जोखिम गर्भवती महिलाओं की त्वरित पहचान करना और उन्हें विशेषज्ञ चिकित्सकीय सेवाएं प्रदान करना एवं फ्लो चार्ट अनुसार हितग्राही को दी जाने वाली स्वास्थ्य सेवाओं की निगरानी करने के साथ साथ विशेषज्ञ (OBG)/निजी चिकित्सकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करते हुए गर्भवती महिलाओं को पोषण, संस्थागत प्रसव और खतरे के लक्षणों पर परामर्श देना ।सीएमएचओ डॉ अमृत लाल रोहलेडर और सिविल सर्जन डॉ लोकेश साहू ने हितग्राहियों से अपील की है कि वे पास के स्वास्थ्य केंद्र में इस अभियान में शामिल होकर स्वास्थ्य जांच परीक्षण करवाएं और अभियान को सफल बनाएं।

### अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाला गिरफ्तार

**भिलाई।** कैलाश नगर साप्ताहिक बाजार के पास शराब बिक्री करने वाले को जामुल पुलिस ने पकड़ा। इसके कब्जे से 566 पौवा देशी मदिरा जब्त की गई। गुरुवार की सुबह 9 बजे मुखबिर की खबर पर वीरेन्द्र सिंह निवासी कैलाश नगर को पुलिस ने पकड़ा। आरोपी विरेन्द्र सिंह के कब्जे से घर में छिपा कर रखी 391 नग शोले देशी मसाला, 1 प्लास्टिक बोरी में 98 नग शोले देशी प्लेन, थैला में 77 नग गोवा स्पेशल व्हिस्की कुल 566 पौवा मदिरा जब्त की गई। शराब की कीमत 59330 रुपए आंकी गई है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

### बारिश नहीं होने से तापमान 3 डिग्री ज्यादा, उमस बढ़ी

**भिलाई।** बारिश नहीं होने से मौसम में उतार-चढ़ाव का दौर जारी है। तापमान 33 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा पहुंच गया है। गुरुवार को अधिकतम तापमान 33.6 डिग्री सेल्सियस जा पहुंचा। यह सामान्य से 3.3 डिग्री सेल्सियस ज्यादा रहा। न्यूनतम तापमान 23.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। मौसम विभाग ने 8 अगस्त को कहीं कहीं बारिश होने की संभावना जताई है। लेकिन अच्छी बारिश की उम्मीद अभी नहीं है। 12 अगस्त से ही बारिश फिर से वापस लौट सकती है। जिससे अच्छी बारिश होगी। मौसम विभाग के मुताबिक मानसून द्रोणिका माध्य समुद्र तल पर फिरोजपुर, चंडीगढ़ और उसके बाद पूर्व दक्षिण पूर्व की ओर हिमालय की तराई के पास से होते हुए उत्तर पूर्व अरुणाचल तक स्थित है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण बांग्लादेश के मध्य भाग में 3.1 किलोमीटर से 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है।

### ननि का बाबू किया गया निलंबित

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम दुर्ग में में लंबे समय से अनुकंपा नियुक्ति फर्जीवाड़ा का खेल चल रहा है। मामले को लेकर शिकायत भी होती रही है, लेकिन विभागीय जटिल प्रक्रिया और जांच के लेटलतीफी के चलते कार्रवाई नहीं हो पाई। ऐसे ही एक मामले में छत्तीसगढ़ लोक आयोग द्वारा उठाए गए जांच प्रकरण में निगम के सहायक ग्रेड-03 पदस्थ भूपेन्द्र उर्फ शुभम गोईर को अनियमित अनुकंपा नियुक्ति, पदोन्नति के मामले में दोषी पाए जाने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। यह कार्यवाही उप संचालक, संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास छत्तीसगढ़ द्वारा 23 अगस्त 2023 को जारी निर्देशों के तहत की गई।

# डीईओ की पहल : सर्वश्रेष्ठ शिक्षक और संकुल समन्वयक पुरस्कार योजना इस महीने से

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा




■ संकुल, ब्लाक और जिला स्तर पर तीन चरणों में होगा आयोजन

■ हर महीने की आखिरी शनिवार को सम्मान समारोह का आयोजन होगा

जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. कमल कपूर ने बीते दिनों एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल में जिले के सभी प्राचार्यों, संकुल समन्वयकों, बीईओ एवं बीआरसी की बैठक आयोजित की थी। इस बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा था कि हर महीने सर्वश्रेष्ठ शिक्षक या व्याख्याता एवं सर्वश्रेष्ठ संकुल समन्वयकों को सम्मानित किया जाएगा।

अपने इस योजना को अमली जामा पहनाने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. कमल कपूर बंजारे ने एक सर्कुलर जारी कर कहा है कि यह योजना इसी महीने से प्रारंभ की जाएगी। हर महीने के अंतिम शनिवार को विकासखंड शिक्षा अधिकारी और विकासखंड स्त्रोत समन्वयक कार्यालय में यह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में संकुल के सर्वश्रेष्ठ सहायक शिक्षक, शिक्षक, व्याख्याता को सम्मानित किया जाएगा। विकासखंड के सर्वश्रेष्ठ संकुल समन्वयकों को भी पुरस्कृत किया जाएगा। बोर्ड परीक्षा में 100 प्रतिशत परीक्षा परिणाम देने वाले प्राचार्य एवं संबंधित विषय व्याख्याता को भी पुरस्कृत किया जाएगा। वर्तमान सत्र में जिले से 20 विद्यार्थियों का नाम टॉप टेन की सूची में लाने का संकल्प पारित किया गया। संकुल के सर्वश्रेष्ठ शिक्षक, व्याख्याता को सम्मानित करने के लिए प्रति माह उस संकुल से एक सर्वश्रेष्ठ शिक्षक/व्याख्याता का चयन किया जाना है। संकुल प्राचार्य, संकुल के प्रधान पाठक और संकुल समन्वयक मिलकर संकुल के सर्वश्रेष्ठ शिक्षक, व्याख्याता का चयन करेंगे।

चयन कर सर्वश्रेष्ठ शिक्षक का नाम संयुक्त हस्ताक्षर से विकासखंड शिक्षा अधिकारी को भेजेंगे। हर महीने के अंतिम शनिवार को विकासखंड शिक्षा अधिकारी और ▸▸| शेष पेज 13 पर

### जिला स्तरीय कार्यक्रम 6 सितम्बर को

बेस्ट सीएसी का चयन करते समय अपने मूल शाला में कक्षा अध्यापन, शासकीय कार्यों के प्रति सजगता, तत्परता, संकुल के समस्त शालाओं की नियमित मॉनिटरिंग, संकुल के शालाओं का कुशल संचालन, संकुल के शालाओं में नियमित रूप से शिक्षकों की उपस्थिति सुनिश्चित करना, इन सभी कार्यों को दिखा जाएगा। इस प्रकार जिस सहायक शिक्षक, शिक्षक, व्याख्याता या संकुल समन्वयक का नाम एक से अधिक बार सर्वश्रेष्ठ शिक्षक के रूप में किया जायेगा। उन्हीं शिक्षकों, व्याख्याता का नाम राष्ट्रपति पुरस्कार के लिए, राज्यपाल पुरस्कार के लिए, मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण पुरस्कार के लिए तथा अन्य पुरस्कारों के चयन में प्राथमिकता दी जाएगी। इसी प्रकार ऐसे सभी प्राचार्य को जिन्होंने बोर्ड की परीक्षा में 100 प्रतिशत परीक्षा परिणाम दिए हैं। इसी प्रकार ऐसे विषय विशेषज्ञ या व्याख्याता जिन्होंने अपने विषय में 100 प्रतिशत परीक्षा परिणाम दिए हैं। उन्हें 6 सितंबर शिक्षक दिवस के दिन जिला स्तर पर एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन कर सम्मानित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में सेवानिवृत्ति शिक्षकों को भी सम्मानित किया जाएगा।

# बच्चों की शिक्षा दीक्षा में पालक की भूमिका महत्वपूर्णः कल्याणी



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

■ अकोला स्कूल में मेगा बैठक का आयीजन

साजा विकास खंड अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला अकोला में पालक-शिक्षक मेगा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सर्वप्रथम माँ सरस्वती की पूजा अर्चना किए। छात्रा तुलेश्वरी सेन, हेमलता यादव, संजना ध्रुव सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। शाला के प्रधान पाठक हिमकल्याणी सिन्हा और सहायक शिक्षक हेमलता ठाकुर सभी का पुष्प गुच्छ और ग़ुलाल लगाकर स्वागत किये अभिनन्दन किये। मेगा पालक बैठक में बच्चों की प्रगति, शैक्षिक गतिविधियों और भविष्य की योजनाओं के बारे में चर्चा किए, घर का वातावरण, छात्र दिनचर्या, बच्चें ने आज क्या सीखा, बच्चा बोलेगा बेझिझक, बच्चों की अकादमिक प्रगति एवं परीक्षा पर चर्चा, बस्ता रहित शनिवार, स्वास्थ्य परीक्षण की जानकारी, जाति /निवास प्रमाण पत्र, न्योता ▸▸| शेष पेज 13 पर

# नगर में हर घर तिरंगा अभियान को लेकर निकाली रैली और दिया जागरूकता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| परपोड़ी



भारत सरकार आवास एवं शहरी मंत्रालय मंत्रालय नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य सरकार के आदेशानुसार 2 अगस्त से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है । इस कार्यक्रम के अंतर्गत स्वच्छता रैली, निकाय अंतर्गत स्थित स्वतंत्रता सेनानियों की मूर्तियों की सफाई एवं हर घर तिरंगा रैली का आयोजन किया जा रहा है। शुक्रवार को नगर में हर घर तिरंगा रैली निकालकर स्वच्छता अभियान की शुरुआत की गई। परपोड़ी नगर पंचायत से निकली गई रैली नगर भ्रमण करते हुए वापस कार्यालय में सम्पन्न हुई।

इस पूरे अभियान में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे। अभियान के तहत खेल मैदानो एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों का चयन कर लोकल फॉर वोकल के उद्देश्य के साथ स्थानीय कलाकारों तथा सामग्रियों को बढ़ावा देते हुए सार्वजनिक स्थानों में मेला आयोजित किया जाना है। अभियान में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। स्वच्छ भारत मिशन के प्रमुख उद्देश्य पर केंद्रित अभियान के अंतर्गत गतिविधियों का आयोजन किया जाना है। प्लास्टिक में बने तिरंगे सिंगल यूज प्लास्टिक एवं वस्तुओं के उपयोग पर प्रबंध सुनिश्चित किया गया है।

इसी प्रकार समस्त जागरूकता अभियान का समापन 15 अगस्त को सार्वजनिक स्थानों पर ध्वजारोहण के साथ किया जाना अपेक्षित है। स्वतंत्रता दिवस समारोह में सफाई मित्रों में स्थानीय स्वच्छता कर्मियों को विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित ▸▸| शेष पेज 13 पर

## बेरला में रक्षाबंधन का पर्व उल्लास के साथ मनाया गया

# रक्षाबंधन पर सशिमं बेरला में गूंजे भाईचारे के स्वर


हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेरला

प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सरस्वती शिशु मंदिर, बेरला में रक्षाबंधन का पर्व बड़े उत्साह और पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय परिवार ने इस पर्व को केवल एक रस्म के रूप में नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और परंपरा के संवाहक के रूप में प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की शुरुआत मंगलाचरण और सरस्वती वंदना के साथ हुई। इसके पश्चात छात्राओं ने भाइयों की कलाई पर प्रेम, स्नेह और विश्वास का प्रतीक राखी बांधी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं भाइयों ने बहनों को सदैव सुरक्षा और सम्मान देने का वचन दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री बिसम्भर साहू ने रक्षा बंधन के सांस्कृतिक, सामाजिक और राष्ट्रीय महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व केवल भाई-बहन तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज में आपसी भाईचारे, एकता और सामाजिक समरसता का प्रतीक है।

### गली-भ्रमण कार्यक्रम बना आकर्षण का केंद्र

रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में विद्यालय द्वारा एक विशेष गली-भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। विद्यार्थियों को समूहों में विभाजित कर उनके शिक्षकों के साथ विद्यालय के आसपास की गलियों में भेजा गया। इस दौरान छात्रों ने दुकानदारों, मजदूरों, पुलिसकर्मियों, चिकित्सकों और आसपास के नागरिकों की कलाई पर राखी बाँधी।

बच्चों ने इस दौरान "एक भारत, श्रेष्ठ भारत और "हम सब एक हैं" जैसे नारे लगाकर माहौल को देशभक्ति और सामाजिक सौहार्द से सराबोर कर दिया। कई स्थानों पर नागरिकों ने बच्चों का स्वागत मिठाई और जलपान से किया, जिससे बच्चों के मन में सेवा, अपनापन और सामाजिक एकता की भावना और गहरी हुई। कार्यक्रम के अंत में छात्राओं द्वारा भाई-बहन के स्नेह को समर्पित गीत प्रस्तुत किए गए, जिन्होंने वातावरण को भावनात्मक और मधुर बना दिया।



**ये रहे शामिलः** इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ के सभी सदस्य उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से चंद्रशेखर साहू, उमेश सिन्हा, लेख राम साहू, भोलाराम देवांगन, तारण दास टंडन, बुधराम निषाद, सुमन साहू, भगवती वर्मा, खिलेश्वरी साहू, लुमेश्वरी वर्मा, दीपिका साहू, एकता साहू, अंजलि राय, रामचरण, लक्ष्मण यादव, शैलेंद्र तुरकाने, कामता साहू, त्रिवेणी साहू, बिंदेश्वरी सिन्हा, विजय साहू, संतोषी, बसंती** आदि शामिल रहे।र

### संस्कृति के संरक्षण का संदेश

इस आयोजन ने यह स्पष्ट कर दिया कि जहां प्रेम होता है, वहां सुरक्षा और सम्मान स्वयं स्थापित हो जाते हैं। सरस्वती शिशु मंदिर बेरला का यह आयोजन न केवल भावनात्मक रूप से समृद्ध रहा, बल्कि समाज में एकता, समर्पण और सेवा की भावना को भी सुदृढ़ करता है।

**शर्मनाक: निर्दयी मंदिर परिसर में बच्ची को छोड़कर भागे, जांच में जुटी पुलिस**

# चिल्फी में हनुमान मंदिर परिसर में लावारिस मिली नवजात बच्ची

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चिल्फीघाटी

कबीरधाम जिले से एक बार फिर मां की ममता को कलंकित करने वाली तथा दिल को झकझोर देने वाली घटना सामने आई है। इस बार यह घटना जिले के वनांचल ग्राम चिल्फीघाटी से सामने आई है। बताया जाता है कि यहां रात के अंधेरे का फायदा उठाकर किसी निर्दयी ने नवजात को घाटी में रायपुर-जबलपुर नेशनल हाईवे 30 में स्थित हनुमान मंदिर परिसर में मरने के लिए छोड़ दिया। बताया जाता है कि जब आधी रात को लोग इस रास्ते से गुजर रहे थे तो उन्होने मंदिर के सामने एक बच्चे के रोने की आवाज सुनी। रात के अंधेरे में और बीच जंगल में जब लोगों के कानो में बच्चे के रोने की आवाज सुनाई दी तो उनसे रहा नहीं गया और उन्होने रूककर मंदिर परिसर में देखा तो उनके होश उड़ गए। किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा एक नवजात बच्ची को कपड़े में लपेटकर लावारिस छोड़ दिया गया। जिसकी सूचना लोगों ने तत्काल डॉयल 112 को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची चिल्फी थाना पुलिस की टीम ने बच्ची को अपने संरक्षण में ले लिया। आरक्षक गंगा धुर्वे ने संवेदनशीलता दिखाते हुए बिना देरी किए नवजात को जिला अस्पताल कवर्धा भिजवाया, जहां फिलहाल उसका इलाज जारी है। डॉक्टरों के अनुसार बच्ची की हालत स्थिर है और वह सुरक्षित है। लेकिन यह घटना समाज के उस कठोर पहलू को उजागर करती है जहां मासूम की जिंदगी का कोई मोल नहीं है। फिलहाल पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।





## लगातार सामने आ रही हैं इस तरह की घटनाएं

यहां बताना लाजिमी होगा कि जिले में मां की ममता को कलंकित करने वाली और मानवता को शर्मसार करने वाली इस तरह की घटनएं लगातार सामने आ रही है। अभी हाल ही में जिला मुख्यालय कवर्धा स्थित मिनीमाता चौक के पास एक नवजात का भ्रूण पड़ा मिला था। इससे पूर्व सकरी नदी पुल में भी मान भ्रूण मिल चुका है। लेकिन दुर्भाग्य का विषय है कि इस तरह के मामलों में आज तक पुलिस संबंधित आरोपी को नहीं तलाश पाई है।

# रक्षाबंधन की सभी तैयारियां पूरी, आज मनाया जायेगा स्नेह का पर्व रक्षाबंधन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

श्रावण मास की पूर्णिमा को मनाए जाने वाले भाई-बहनो के स्नेह का पर्व रक्षा बंधन इस बार भद्रा से मुक्त है। ऐसे में लोग 9 अगस्त को अपनी सुविधा के अनुसार पर्व मना सकते हैं। यही वजह है कि पर्व को लेकर लोगों में इस बार खासा उत्साह भी दिख रहा है और उमंग भी। लोग पर्व की तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। पर्व को लेकर नगर व अंचल के बाजारों में भी खासी रौनक देखने को मिल रही है। सार्वधिक भीड़ राखी की दुकानों के साथ कपड़ों और मिठाईयों की दुकानो में देखी जा रही है। जानकारों के मुताबिक इस बार 08 अगस्त को भद्रा की शुरुआत 02 बजकर 12 मिनट से हो गई है। वहीं इसका समापन 09 अगस्त को देर रात 01 बजकर 52 मिनट पर होगा। इसलिए अगले दिन यानी 09 अगस्त को रक्षा बंधन मनाया जाएगा।

## दिल्ली पब्लिक स्कूल में मनाया गया रक्षाबंधन



दिल्ली पब्लिक स्कूल, महाराजपुर, कवर्धा में 8 अगस्त को रक्षाबंधन पर्व के पावन अवसर पर एक विशेष प्रार्थना सभा एवं रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। सभा की शुरुआत रक्षाबंधन के महत्व को दर्शाने वाली प्रेरणादायक प्रस्तुतियों के साथ हुई, जिसके पश्चात बच्चों द्वारा एक सुंदर सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुति दी गई, जिसने सभी का मन मोह लिया। तत्पश्चात, छात्राओं ने विद्यालय के ड्राइवर, कंडक्टर एवं सभी पुरुष कर्मचारियों की कलाई पर राखी बांधकर, उन्हें सम्मान, अपनत्व और आभार का भाव अर्पित किया। जिससे विद्यालय परिसर में स्नेह, सहयोग और सद्भावना का वातावरण बन गया। इस आयोजन का मुख्य आकर्षण कक्षा 9 और 10 की छात्राओं द्वारा बनाई गई तिरंगा राखिया रहीं। इन राखियों को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह छवई एवं अन्य पुलिसकर्मियों को बांधकर उनका अभिनंदन किया। यह क्षण विद्यार्थियों के लिए अत्यंत गौरवपूर्ण, भावनात्मक एवं प्रेरणास्पद रहा, जिसने उनमें राष्ट्रसेवा, सम्मान और कृतज्ञता की भावना को प्रबल किया। इसी अवसर पर विद्यालय में विभिन्न कक्षा-स्तरीय रचनात्मक गतिविधियाँ भी आयोजित की गई। जिनमें बीजों, मसालों एवं सूखे फलों से राखी निर्माण, तिरंगा रंगोली, सैनिकों को पत्र लेखन एवं तिरंगा राखी तैयार कर उन्हें भेजने जैसे रचनात्मक कार्य शामिल रहे। विद्यार्थियों ने आवश्यक सामग्री स्वयं लाकर इन गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी दिखाई। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती ग्रेसिया एन फीग्रेड ने छात्रों की रचनात्मकता और भावनात्मक अभिव्यक्ति की सराहना करते हुए कहा ऐसे आयोजन बच्चों को भारतीय संस्कृति, सृजनशीलता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व से जोड़ते हैं और उन्हें एक बेहतर नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित करते हैं। यह संपूर्ण आयोजन विद्यालय परिवार के लिए अत्यंत सार्थक, प्रेरणादायक एवं स्मरणीय रहा।

## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय समिति की बैठक 12 अगस्त को

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ शासन की नक्सलवादी आत्मसमर्पण, पीड़ति राहत पुनर्वास नीति-2025 के अंतर्गत आत्मसमर्पित महिला नक्सली कवासी हिडमे उर्फ रनिता, पिता कवासी सन्नू, उम्र 24 वर्ष, निवासी पुलमपाड, थाना चिंतलनार, जिला सुकमा को राहत एवं पुनर्वास योजना के तहत सुविधाएं प्रदान किए जाने संबंधी प्रस्ताव पर विचार के लिए जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की जा रही है। कलेक्टर गोपाल वर्मा की अध्यक्षता में 12 अगस्त 2025, दोपहर 12 बजे, जिला कार्यालय कबीरधाम के सभाकक्ष में संपन्न होगी। कलेक्टर श्री वर्मा ने समिति के समस्त सदस्य एवं संबंधित अधिकारीगण को निर्देशित करते हुए निर्धारित तिथि एवं समय पर आवश्यक अभिलेखों एवं जानकारी सहित बैठक में उपस्थित होंने कहा है।

### सुखाताल में राधुनी का आयोजन आज से

**कवर्धा।** ग्राम सुखाताल (नयापारा) में 09 अगस्त दिन शनिवार से है 10 अगस्त दिन रविवार तक 24 घंटे का श्रीराम संकीर्तन रामधुनी (झुला) का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन समिति के काशीराम वर्मा, जगन्नाथ वर्मा, सुशील वर्मा, रामसुख वर्मा, दीपक वर्मा, आनंद वर्मा, रामलोचन वर्मा, सनत साहू ने बताया कि ग्राम सुखाताल (नयापारा) में 09 अगस्त से दो दिवसीय श्रीराम संकीर्तन रामधुनी (झुला) का भव्य आयोजन किया जा रहा है। जिसमें क्षेत्र की मंडलियों को आमंत्रित किया गया है।

### फर्जी सिम एजेंट गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** दूसरे के नाम पर फर्जी रूप से सिम उपलब्ध करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत वरिष्ठ कार्यालय से प्राप्त पीओएस फर्जी सिम धारक, पीओएस संचालकों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। विवेचना के दौरान आरोपी ईशु पटेल 20 साल पता ग्राम कोनारी थाना डोंगरगांव का पता तलाश कर पूछताछ कर कथन लिया गया। कथन में आरोपी ने बताया कि ग्राम मारगांव निवासी तीन लोगों के नाम पर नया सिम का ऑफर एक महीने का रिचार्ज फ्री मिलेगा, ऐसा लालच देकर नए सिम नंबर एक्टिवेट किया था। सिम को अपने मोबाइल नंबर से मित्रा ऐप चलाकर सिम एक्टिवेट करना व जुर्म स्वीकार करने पर आरोपी के कब्जे से एक पोक्को मोबाइल जब्ती कर आरोपी को ज्युडिशियल रिमांड पर भेजा गया है।

# रक्षाबंधन पर मिठाइयों की गुणवत्ता पर विभाग की नजर, दुकानो में दबिश



- 33 सैम्पल राज्य लैब भेजे, 80 नमूनों की मौके पर जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

खाद्य एवं औषधि प्रशासन, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 4 से 6 अगस्त तक राज्य स्तरीय सघन जांच एवं जागरूकता अभियान चलाया गया।

इसी के तहत कबीरधाम जिले में भी कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देशन में 3 दिवसीय अभियान संचालित हुआ। इस दौरान वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी जितेन्द्र कुमार नेले एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी मुकेश कुमार साहू के नेतृत्व में कवर्धा, सहसपुर लोहरा, पंडरिया और बोड़ला ब्लॉकों के मिठाई दुकानों, रेस्टोरेंट, स्ट्रीट फूड वेंडरों और अन्य खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच की गई। अभियान के तहत कुल 33 सैम्पल एकत्र कर राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर भेजे गए।

साथ ही चलित प्रयोगशाला से 80 खाद्य नमूनों की मौके पर ही जांच की गई और उपभोक्ताओं एवं व्यापारियों को मानक खाद्य सामग्री के उपयोग के प्रति जागरूक किया गया। अधिकारियों ने बताया कि बरसात के मौसम में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता पर अक्सर संदेह बना रहता है और रक्षाबंधन पर्व के दौरान मिठाइयों व खाद्य सामग्री की मांग अधिक होने से अवमानक उत्पाद बिकने की संभावना रहती है। इसी को ध्यान में रखते हुए अभियान चलाया गया। राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला से रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद, अवमानक या असुरक्षित खाद्य बेचने वाले प्रतिष्ठानों और निर्माताओं के खिलाफ खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 तथा नियम 2011 के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

अभियान के दौरान खाद्य कारोबारियों को मानक स्तर की खाद्य सामग्री बेचने, साफ-सफाई रखने, बिना लाइसेंस या पंजीयन के व्यापार न करने, मिठाई निर्माण एवं समाप्ति तिथि अंकित करने, मिठाइयों के निर्माण में स्वच्छता अपनाने, त्योहारी सीजन में केवल शुद्ध मिठाई ही विक्रय करने और हैण्ड ग्लव्स व कैप का प्रयोग करने के निर्देश दिए गए। विभाग ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि खाने-पीने की वस्तुओं की पैकिंग में छपाई वाले कागज का उपयोग न करें, क्योंकि इसमें मौजूद रसायन स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होते हैं। यदि कोई व्यापारी ऐसा करता है तो उसे इसके दुष्प्रभावों की जानकारी दें और ऐसा न करने की सलाह दें।

## बोड़ला सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में अव्यवस्था



**बोड़ला।** वनांचल क्षेत्र के विकासखण्ड मुख्यालय बोड़ला में संचालित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भारी अव्यवस्था और रखरखाव का आभाव देखा जा रहा है। जिसका खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ रहा है। बताया जाता है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बोड़ला में पार्षद निधि से शव रखने के लिए फ्रीजर दिया गया था। लेकिन आज अस्पताल प्रशासन की खस्ताहाल व्यवस्था और रखरखाव के आभाव में यह फ्रीजर शव रखने लायक नहीं है। बताया जाता है कि फ्रीजर गंदगी से अटा पड़ा है वहीं शव रखने वाले कक्ष में दुर्गन्ध और बदबू है जिसके कारण कर्मचारी भी अंदर जाने से कतरा रहे हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बोड़ला सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में पदस्थ बीएमओ मुख्यालय में नहीं रहते और जिला मुख्यालय कवर्धा से आना जाना करते हैं जिसके कारण यहां वे समय नहीं दे पा रहे हैं यही वजह है कि बोड़ला सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की व्यवस्थाएं चरमाराई हुई है और लोगों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है।

# विश्व आदिवासी दिवस पर जिला मुख्यालय में निकाली जाएगी महारैली, तैयारियां जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज रूढ़ी जन्य परंपरा आधारित जिला इकाई कवर्धा के संयोजन में 9 अगस्त को जिले में विश्व आदिवासी दिवस धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा।

इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। जिसकी तैयारियों को समाज द्वारा अंतिम रूप दिया जा रहा है। जिला मुख्यालय कवर्धा में 9 अगस्त को निकाली जाने वाली महारैली में जिले में कार्यरत समस्त सामाजिक संगठन अखिल भारतीय आदिवासी धर्म परिषद, वीरांगना रानी दुर्गावती महिला ब्रिगेड, जिला गोंड समाज सेवा समिति, छत्तीसगढ़ अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ, गोंडी धर्म संस्कृति संरक्षण समिति, उरांव समाज, आदिवासी हलबा समाज, जिला बैगा समाज, आदिवासी कंडरा समाज, संवरा समाज, अगरिया समाज, आदिवासी धोबा समाज, कंवर समाज, भील, भिलाला समाज के मातृ शक्ति पितृ शक्ति लया लयोर समाज प्रमुख अधिकारी कर्मचारी सभी 09 अगस्त 2025 विश्व आदिवासी मूलनिवासी दिवस को जिला मुख्यालय में आयोजित महारैली में शामिल होंगे।

समाज से मिली जानकारी के मुताबिक महारैली का शुभारंभ संयुक्त राष्ट्र संघ का ध्वज व हमारे देश की शान तिरंगा का संयुक्त रूप से पूजन पश्चात आदिवासी मंगल भवन से प्रारंभ होकर नगर भ्रमण करते हुए रानी दुर्गावती चौक में सामूहिक रेला पाटा पश्चात संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। महारैली में आंगादेव, कर्मा, रेला पाटा दल, बैगा नृत्य के नर्तक दल के साथ आदिवासी समाज के मातृ शक्तियां एवं समाज प्रमुख, लया लयोर अपने आदिवासी वेशभूषा में शामिल होंगे।

महारैली में सामाजिक संदेश के साथ-साथ आदिवासी समाज अपने संवैधानिक अधिकार के शत प्रतिशत पालन कराने, भाषा, संस्कृति, देव स्थल आदि को संरक्षित रखने तथा जनगणना में पृथक कॉलम, विश्व आदिवासी दिवस पर राष्ट्रीय अवकाश की मांग संबंधित तख्तियां महारैली में शामिल करेगा।

# प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार जिला चिकित्सालय में बनेगा दिव्यांगता प्रमाण पत्र

- पात्रता के लिए प्रस्तुत करने होंगे सभी आवश्यक दस्तावेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

शासन के निर्देशानुसार जिले में निवासरत सभी दिव्यांगजनों का शत प्रतिशत दिव्यांगता प्रमाणीकरण एवं यूडीआईडी पंजीयन कराया जा रहा है, ताकि कोई भी पात्र हितग्राही शासन की कल्याणकारी योजनाओं से वंचित न रहे। किसी भी योजना का लाभ लेने के लिए दिव्यांगता प्रमाण-पत्र एवं यूडीआईडी कार्ड होना अनिवार्य है, किन्तु ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकाय क्षेत्रों में अनेक दिव्यांगजन अभी तक इनसे वंचित हैं।

कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देश पर समाज कल्याण विभाग ने प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को जिला चिकित्सालय कबीरधाम के कक्ष क्रमांक 15-बी (दिव्यांग शाखा) में ओपीडी समय प्रातः 09 बजे से दोपहर 01 बजे तक एवं सायं 04 बजे से 06 बजे तक 10-10 की संख्या में दिव्यांगजनों को उपस्थित कराते हुए उनका प्रमाण-पत्र बनाया जाएगा।

प्रमाणीकरण के लिए आधार कार्ड, राशन कार्ड की छायाप्रति, 02 पासपोर्ट साइज फोटो एवं मोबाइल नंबर आवश्यक है, वहीं नवीनीकरण के लिए दिव्यांगता प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड, राशन कार्ड की छायाप्रति, 02 पासपोर्ट साइज फोटो एवं मोबाइल नंबर अनिवार्य रहेगा। जनपद पंचायत स्तर पर सरपंच एवं सचिव की बैठकों में इस निर्धारित दिवस एवं समय की जानकारी अवश्य दी जाएगी, ताकि व्यापक प्रचार-प्रसार हो सके और सभी पात्र दिव्यांगजन प्रमाण-पत्र एवं यूडीआईडी पंजीयन कराकर शासन की योजनाओं का लाभ ले सकें।

# पेड़ से टकराई ईको कार, आठ घायल, चार की हालत गंभीर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले के चिल्फी थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम राजाढार में शुक्रवार को एक ईको कार दुर्घटना का शिकार हो गई। इस सड़क हादसे में वाहन सवार कुल आठ लोग घायल बताए जा रहे है जिसमें से चार की हालत गंभीर बनी हुई है। घायलों को चिल्फी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा बोड़ला सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में दाखिल कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को गरियाबंद का एक परिवार पंडित प्रदीप मिश्रा की कथा सुनकर कार से लौट रहा था। इसी दौरान चिल्फी घाटी में ग्राम राजाढार के पास तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई। जिसमें कार सवार आठ लोग घायल हो गए। चार लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना के बाद घायलों की चीख पुकार सुनकर आसपास मौजूद लोग मौके पर पहुंचे और फिर घायलों को कार के अंदर से बाहर निकाला गया। वहीं घटना की सूचना पर डायल 112 की टीम भी मौके पर पहुंच गई सभी घायलों में अस्पताल में भर्ती कराया गया। हादसा इतना भीषण था कि कार के परखच्चे उड़ गए।

**जिपं सभापति श्री साहू ने की फेंसिंग बाउंड्रीवाल तथा शौचालय निर्माण की घोषणा**

# रक्षाबंधन पर सोनपुरी (गुढ़ा) स्कूल में कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

शासकीय माध्यमिक विद्यालय सोनपुरी (गुढ़ा) में रक्षाबंधन के पूर्व एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमे स्कूली छात्राओं द्वारा स्वयं के द्वारा बनाई गई राखी से स्कूली छात्रों को राखी बांधी गई। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत के सभापति डॉ. वीरेन्द्र साहू उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की छात्राओं द्वारा मुख्य अतिथि श्री साहू तथा प्रधानाचार्य, प्रधानाध्यापक तथा स्कूली छात्रों की कलाईयों में राखी बांधकर की। इस अवसर पर श्री साहू ने बच्चों को भाई-बहन के पवित्र संबंध, भारतीय संस्कृति एवं नैतिक मूल्यों के महत्व पर प्रेरणादायी संबोधन दिया। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन केवल भाई-बहन का त्यौहार नहीं, बल्कि यह आपसी विश्वास, प्रेम और सुरक्षा का प्रतीक है। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक मूल्यों को अपनाने की भी प्रेरणा दी। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक, विद्यार्थी एवं अभिभावक बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अथिति डॉ वीरेन्द्र साहू ने स्कूली बच्चों तथा स्कूल प्रबंधन की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए फेंसिंग से बाउंड्री वाल निर्माण के लिए 1 लाख रूपए, शौचालय निर्माण के लिए 2 लाख रूपए की घोषणा की। साथ ही स्कूल में पेयजल व्यवस्था के लिए संबंधित विभाग को निर्देश दिए। रक्षाबंधन के पावन अवसर पर अतिथि द्वारा स्कूली बच्चों को उपहार में टिफिन डिब्बा के साथ भागवत गीता व हनुमान चालीसा भी वितरण किया।



# भारत स्काउट एवं गाइड जिला प्रशिक्षण में छिरहा के विद्यार्थी हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले के शासकीय हाई स्कूल छिरहा द्वारा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न प्रकार के पाठ्येत्तर गतिविधियों में शामिल होने का अवसर प्रदान किया जा रहा है। इसी तारतम्य में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ द्वारा आयोजित जिला स्तरीय प्रशिक्षण में विद्यालय के चार विद्यार्थी शामिल हुए। संस्था के प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी ने बताया कि अशोका पब्लिक स्कूल में आयोजित चार दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण में व्याख्याता रंजीता माहेश्वरी, छात्राएं माधुरी साहू, चम्पाकली लहरे, खुशबू पटेल एवं धानी पटेल ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। तृतीय सोपान के इस प्रशिक्षण में विद्यार्थियों को स्काउट के नियम, इतिहास, गीत, तंबू व मंकी ब्रिज बनाना, मार्चपास्ट, ध्वज शिष्टाचार, कैम्प फायर, सेवा भावना, अनुशासन आदि के संबंध में प्रशिक्षित किया गया।



## खबर संक्षेप



### नशीला पदार्थ बेचने व चाकूबाजी करने वालों पर पुलिस ने की कार्रवाई

**दुर्ग।** जिले में अपराध को रोकथाम के लिए पुलिस ने ऑपरेशन विश्वास के अंतर्गत अभियान चलाकर कार्रवाई की। चाकूबाजी करने वालों, नशीला पदार्थ बेचने वालों सहित अन्य संदिग्ध गतिविधियां करने वालों को पकड़ा गया। अभियान के दौरान सुपेला में 2 सामंत रामटेके, राहुल चौरसिया, दुर्ग में राज सारथी, मोहन नगर में 2 राहुल गाड़ा एवं करण कन्नौजे, उतई में 3 अमित यादव, आकाश सिंह एवं शिवानी गिरी के विरूद्ध आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। सुपेला में 3 मनिन्दर सिंह, पूरन चौहान एवं विजय महतो, भिलाई नगर में 3 राजेन्द्र, जयप्रकाश एवं सन्नी जैन के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया। उतई में 2 भोजा बाई एवं अजय कुमार को मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया गया। चाकूबाजी करने वालों एवं नशीला पदार्थ बेचने वालों में सुपेला में 10, भिलाई नगर में 6, मोहन नगर में 8, दुर्ग में 2, छावनी में 4, जामुल में 2, उतई में 6, पाटन में 4 लोगों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई।

### राजेश को मिली मानद डॉक्टरेट की उपाधि

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध लोक संगीतकार स्व. खुमान लाल साव की स्मृति में राष्ट्रीय सम्मान



कार्यक्रम का आयोजन इंटरग्रेटेड ग्लोबल विश्वविद्यालय दिल्ली में किया गया। प्रयास श्रवण दिव्यांग संस्थान भिलाई के प्राचार्य डॉ. राजेश पाण्डेय को मानद डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की गई। यह सम्मान उनके समाज सेवा के लिए मिला है। डॉ. पाण्डेय पिछले 25 साल से श्रवण दिव्यांग बच्चों को उच्च शिक्षण प्रदान करने अपनी अहम भूमि निभा रहे हैं ।

# हर घर स्वच्छता अभियान का शुभारंभ, गांव-गांव में गूंजा देशभक्ति व स्वच्छता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले के सभी ग्राम पंचायतों में शुक्रवार को "हर घर तिरंगा - हर घर स्वच्छता" अभियान का भव्य शुभारंभ हुआ। पहले दिन पंचायत प्रतिनिधियों, स्वच्छता दीदियों, स्थानीय जनसमुदाय और प्रशासनिक अमले ने मिलकर श्रमदान करते हुए गांवों की सफाई की और स्वच्छता की स्थिति का अवलोकन किया। स्कूलों के छात्र-छात्राओं, ग्रामीणों और स्वच्छता कर्मियों ने रैली निकालकर पूरे गांव में साफ-सफाई, स्वच्छता के महत्व और राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान का संदेश फैलाया। रैली में "स्वच्छ गांव, सुंदर गांव", "हर घर तिरंगा, हर मन तिरंगा" जैसे नारे गूंजते रहे, जिससे वातावरण देशभक्ति और जिम्मेदारी की भावना से भर उठा।

## अभियान : जिले में हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान की शुरुआत



### सम्मानित होंगे स्वच्छता नायक

स्वच्छता अभियान में उत्कृष्ट योगदान देने वाली स्वच्छता दीदियों, सक्रिय सरपंचों और सचिवों को 15 अगस्त के जिला स्तरीय समारोह में सम्मानित किया जाएगा। इससे प्रेरणा लेकर अन्य ग्राम पंचायतें भी बेहतर कार्य कर सकेंगी। बेमेतरा कलेक्टर रणबीर शर्मा ने कहा की स्वच्छता और देशभक्ति दो ऐसे मूल्य हैं जो एक-दूसरे के पूरक हैं। एक स्वच्छ गांव, एक स्वच्छ जिला और हर घर पर लहराता तिरंगा ही हमारी असली पहचान है। यह अभियान लोगों में देश के प्रति जिम्मेदारी और स्वच्छता के प्रति जागरूकता को एक नया आयाम देगा। यह अभियान केवल सफाई का नहीं, बल्कि ग्रामीण समाज में सामूहिक भागीदारी और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक बनकर उभरा है। अब हर गांव, हर गली, हर घर तिरंगे के रंग में सजेगा और स्वच्छता का संदेश देगा।

### 15 अगस्त तक चलेगा अभियान

यह सप्ताहभर चलने वाला अभियान 15 अगस्त 2025 तक जारी रहेगा, जिसके तहत पंचायत स्तर पर अनेक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी श्रमदान और स्वच्छता शपथ दीवार लेखन और तिरंगा सजावट स्वच्छता पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां जन-जागरूकता रैलियां इस अभियान का उद्देश्य स्वच्छता और देशप्रेम को एक साथ प्रोत्साहित करना है ताकि स्वतंत्रता दिवस के दिन पूरा जिला तिरंगे के रंग में सराबोर दिखे।

## जीई रोड नाली निर्माण व पोल बदलने में भ्रष्टाचार के मुद्दे पर आयुक्त को घेरा

# शहर सरकार के मंत्री बोले : जीई रोड नाली निर्माण व पोल में हुआ भ्रष्टाचार, विकास के लिए पैसा क्यों नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई निगम में कांग्रेस की सरकार है लेकिन विकास व भ्रष्टाचार के मामले में उनके ही मंत्री नाराज हैं। गुरुवार को हुई एमआईसी की बैठक में शहर मंत्री केशव चौबे ने इस मुद्दे पर जमकर फायर किया।

उनका कहना रहा कि पटरीपार के वार्डों में कोई विकास कार्य नहीं हो रहे हैं। जब विकास कार्य की बात आती है तो कहते हैं कि पैसे नहीं है। भ्रष्टाचार करने के लिए कहां पैसे आ जाते हैं। चौबे ने आयुक्त को घेरते हुए कहा कि जीई रोड में नाली निर्माण में बड़ा भ्रष्टाचार हुआ है। इसकी जांच आपने करवाई लेकिन दोषी अधिकारियों व ठेका एजेंसी पर कार्रवाई क्यों नहीं की गई। इस सवाल पर आयुक्त राजीव पांडेय ने जवाब दिया कि जांच करवाई जा रही है। रिपोर्ट अभी मेरे पास प्रस्तुत नहीं की गई है।


खतरे में जान... क्योंकि नाली निर्माण के दौरान सड़क किनारे खु... में सरिया, जगह-जगह गड्ढे, सेफ्टी उपाय कुछ न...

### जो पोल बदलने लायक नहीं वे भी बदल दिए

शहर मंत्री केशव चौबे ने बिजली पोल का मुद्दा भी उठाया। उन्होने कहा कि जो पोल बदलने लायक नहीं थे वे भी बदल दिए गए हैं। पुराने बिजली पोल आखिर गए कहां। जिस केटेगरी के पोल लगाए गए हैं वे लो केटेगरी का है। इस भ्रष्टाचार की भी जांच होनी चाहिए। वार्डों में बुनियादी विकास कार्य नहीं हो रहे हैं। रोड, नाली और पुलिया निर्माण की मांग करते हैं तो आप कहते हैं कि विकास के लिए पैसे नहीं है। डामरीकरण व सीमेंटीकरण के काम भी नहीं हो रहे हैं।

### महापौर नीरज पाल ने कहा कि मेरा फोन आयुक्त क्यों नहीं उठाते

एमआईसी के दौरान शहर मंत्री केशव चौबे के इन मुद्दों को उठाने के दौरान महापौर नीरज पाल खामोश रहे। लेकिन जब आयुक्त की बात आई तो उन्होने मंत्रियों से कहा कि आयुक्त मेरा भी फोन नहीं उठाते।

**पार्टी से पहले जनता**

मेरे लिए पार्टी से जनता सर्वोपरि है। जनता ने मुझे चुनकर भेजा है। वो वार्ड में विकास चाहती है। हम बुनियादी सुविधाएं नहीं दे पा रहे हैं और निगम के अधिकारी बड़े-बड़े भ्रष्टाचार कर रहे हैं। लगातार मांग करने के बाद भी दोषियों पर कार्रवाई नहीं की जाती। इसलिए नाराजगी दिखाई। **-केशव चौबे,** शहर मंत्री

## गोबर से बॉयोगैस प्लांट सहित 19 मुद्दों पर चर्चा

**भिलाई।** महापौर परिषद की बैठक महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता एवं आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय की उपस्थिति में आहूत की गई। बैठक में नगर निगम की महती योजना गोकुल नगर में निकलने वाले गोबर से बायो गैस प्लांट स्थापित किए जाने सहित परिषद ने अन्य प्रस्ताओं को स्वीकृति प्रदान की है। महापौर परिषद के सदस्यों के समक्ष 19 एजेण्डा विचारार्थ प्रस्तुत किया गया। गोकुल नगर में बायो गैस प्लांट की स्थापना, हाइड्रोलिक एलिवेटर का किराया दर निर्धारण एवं निजी भवनों/भूमियों के स्वत्वाधिकार के अंतरण के शुल्क में वृद्धि हेतु महापौर परिषद के सदस्यों से अपनी सहमति प्रदान की।

■ फंड को लेकर चर्चा


गुरुवार को महापौर नीरज पाल ने महापौर परिषद की बैठक में कई महत्वपूर्ण विषय पर सदस्यों के साथ चर्चा की

### जवाहर मार्केट के उन्नयन को मंजूरी

बैठक में वार्ड 59 सेक्टर 5 सड़क 3 स्थित वाटर एटीएम की स्थानांतरण, सक्शन कम जेटिंग मशीन 9000 लीटर का किराया निर्धारण एवं जवाहर मार्केट का उन्नयन एवं विकास कार्य को मंजूरी दी गई। जलकर विषयक संशोधन, अभिमत/आपत्ति/अनापत्ति प्रदान करने जॉच प्रतिवेदन, निगम के जलकार्य विभाग में कुशल, अर्धकुशल एवं अकुशल श्रमिक उपलब्ध कराने एवं 2.72 एमएलडी जलशोधन संयंत्र से क्लीयर वाटर प्रदाय हेतु संपवेल, पम्प हाउस एवं राइजिंग मेन पाइप लाइन बिछाने के कार्य को महापौर परिषद के सदस्यों द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई। 15वें वित्त आयोग ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के एसडीपी से मिलान कर शासन को प्रस्ताव प्रेषित करने एवं अन्य 3 एजेण्डा पर सदस्यों की सहमति मिली।

### ये हुए शामिल

बैठक में महापौर परिषद के सदस्य सीजू एन्थोनी, लक्ष्मीपति राजू, संदीप निरंकारी, लालचंद वर्मा, साकेत चंद्राकर, एकांश बंछोर, केशव चैबे, चंद्रशेखर गंवई, रिता सिंह गेरा, नेहा साहू, उपायुक्त/सह सचिव नरेन्द्र बंजारे, जोन आयुक्त येशा लहरे, अमरनाथ दुबे, कार्यपालन अभियंता रवि सिन्हा, अनिल सिंह, वेशराम सिन्हा, अरविंद शर्मा, विनीता वर्मा, राजस्व अधिकारी जे.पी. तिवारी, लेखाधिकारी चंद्रभूषण साहू, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, सहायक अभियंता दीपक देवांगन, उप अभियंता अर्पित बंजारे, देवव्रत राजपूत आदि उपस्थित रहे।

### आबादी क्षेत्र में बिना अनुमति नहीं लगेंगी मटन-मुर्गा दुकानें

**दुर्ग।** शहर के सभी 60 वार्डों में आबादी क्षेत्र में बिना अनुमति लगने वाली मटन-मुर्गा की दुकानों में कार्रवाई होगी। शिकायत मिलते ही निगम अमला एक्शन में आ जाएगा। मेयर अल्का बाघमार और आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देश पर निगम ने यह कवायद शुरू की है।

निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अब नए मटन-मुर्गा दुकानों को आवासीय क्षेत्रों में अनुमति नहीं दी जाएगी। साथ ही जो दुकानें पहले से बिना अनुमति चल रही हैं, उन पर जल्द ही कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम का कहना है कि इन दुकानों से निकलने वाली दुर्गंध, गंदगी और कचरा न केवल वातावरण को प्रदूषित करता है, बल्कि इससे लोगों के स्वास्थ्य पर भी विपरीत प्रभाव पड़ता है। खासतौर पर रहवासी क्षेत्रों में इसका सीधा असर वहां रहने वाले परिवारों, बच्चों और बुजुर्गों की सेहत पर पड़ता है। शहर के आबादी क्षेत्रों मे जाकर निरीक्षण करें.कि स्वच्छता, सार्वजनिक स्वास्थ्य और नागरिक सुविधा को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया गया है।

### दोपहिया चोरी करने वाला पकड़ाया

**भिलाई।** भिलाई नगर पुलिस ने चोरी के वाहन बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहे युवक को सिविक सेंटर भिलाई से घेराबंदी करके पकड़ा। आरोपी के पास से दो दोपहिया वाहन जब्त किया गया। आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि पेट्रोलिंग के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि सिविक सेन्टर भिलाई में एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहा है। आरोपी को घेराबंदी करके पकड़ा गया। आरोपी ने अपना नाम कुलेशवर साहू उर्फ नागु पिता अभय राम साहू उम्र 19 साल साकिन शक्तिपारा धनोरा बताया। आरोपी ने 3 माह पहले ग्लोब चौक सेक्टर 06 से स्कूटी चोरी की थी।15-20 दिन पहले रुआबांधा बस्ती से शनिचरी बाजार गया था। वहीं पर रोड किनारे एक मोसा चोरी कर लिया। दोनो वाहन को सिविक सेन्टर स्टेडियम के पास नर्सरी में छिपा दिया। इसके बाद से ग्राहक तलाश रहा था। पकड़ा गया। मामले में पुलिस की जांच जारी है।

### अंबेडकर नगर में 1.31 करोड़ से सीसी रोड व आरसीसी नाली का होगा निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन के प्रस्ताव पर विधानसभा के अंबेडकर नगर वार्ड में नाली, सीसी रोड और फुटपाथ



निर्माण के लिए राज्य शासन ने 1 करोड़ 31 लाख 51 हजार रुपए की स्वीकृति प्रदान की है। लंबे समय से सड़क, नाली और फुटपाथ की इस मांग पर मुहर लगने से बहुत जल्द वार्ड की स्ट्रीट सीसी रोड और फुटपाथ से सुसज्जित हो जाएगी। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने बताया कि संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास ने 15वें वित्त आयोग अंतर्गत प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की है।

इस राशि से वैशाली नगर विधानसभा के भिलाई निगम जोन-2 अंतर्गत वार्ड-15 अम्बेडकर नगर में सड़क 1 से 9 तक बैंक लाइन में आरसीसी नाली निर्माण कार्य के लिए 81 लाख 96 हजार तथा अम्बेडकर नगर में सड़क-2 एवं सेंट जॉन स्कूल के आसपास सीसी रोड, नाली एवं फुटपाथ निर्माण कार्य के लिए 49 लाख 55 हजार रूपये स्वीकृत हुए हैं। उन्होंने 131 लाख 51 हजार की इस स्वीकृति के लिए उप मुख्यमंत्री अरूण साव का आभार जताते हुए कहा कि ये दोनों विकास कार्य अंबेडकर नगर के लिए अत्यंत आवश्यक थे तथा यह स्वीकृति क्षेत्रवासियों के लिए एक और बड़ी राहत के रूप में आज सामने आई है। वैशालीनगर विधायक ने स्वीकृत कार्य जल्द शुरू करने के निर्देश दिए हैं।

# जागेश्वर साहू को मील का पत्थर सम्मान से किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

मध्यप्रदेश तैलिक साहू सभा द्वारा भोपाल में प्रदेश कार्यकारिणी एवं आम सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री जागेश्वर साहू थे।

■ तैलिक साहू सभा के कार्यक्रम में किया गया था अतिथि के रूप में आमंत्रित



वे मध्यप्रदेश तैलिक साहू सभा के पूर्व अध्यक्ष भी हैं। कार्यक्रम में जागेश्वर साहू को मील के पत्थर सम्मान से सम्मानित किया गया। मध्य प्रदेश अध्यक्ष के रूप में 19 अप्रैल 1997 से 30 अक्टूबर 2000 तक अध्यक्ष के रूप में कार्य किया। साहू ने सभा में कहा कि हमें तेली होने पर गर्व है। हमारे समाज की देवी मां कर्मा के आशीर्वाद से हमारे समाज के पुत्र नरेंद्र मोदी भारत देश के तीसरी बार प्रधानमंत्री हैं। ग्लोवल लीडर के रूप में दुनिया में जाना जाता है।

समाज के उत्थान में उनका अहम योगदान है। उन्होंने अंधविश्वास से दूर रहने अपील की। समाज के विकास के लिए शिक्षा पर जोर देने की बात कही। समाज में आदर्श विवाह को तहसील स्तर तक लेकर जाना है। मृत्यु भोज को समाप्त कर मृत्यु भोज में मीठा बंद करना है।

साहू ने कहा कि आजादी के बाद पहली बार जाति जनगणना होने जा रही है। आप सभी अपना उपनाम जो भी लिखते हैं, परंतु हम सभी का मूल जाति तेली है।

# परीक्षा के दौरान बच्चों पर दबाव न बनाये पालक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला




ब्लॉक के संकुल केंद्र डंगनिया-ब के अंतर्गत पूर्व माध्यमिक शाला सण्डी में मेगा पालक शिक्षक बैठक का आयोजन हुआ। शिक्षक ओमनारायण साहू ने बताया कि मेगा पालक शिक्षक बैठक के आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों के शारीरिक मानसिक एवं सर्वांगीण विकास हेतु विद्यालय एवं पालक के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित करना है। प्राथमिक प्रधान पाठक वीरेन्द्र कुमार सिन्हा ने पालकों से कहा कि परीक्षा के समय बच्चे परीक्षा के दबाव में तनाव या अवसाद ग्रस्त न हो, इस बात की भली भांति जानकारी रखें। शाला की समय सारिणी से अवगत कराया। पालकों को अवगत कराया कि जाति, निवासी, आय-प्रमाण पत्र बनाने के लिए विभाग के द्वारा शिविर लगाए जा रहे है। बस्तारहित शनिवार, पॉक्सो एक्ट, डिजिटल शिक्षण में दीक्षा एप, ई-जादुई पिटारा, डिजिटल लाइब्रेरी, स्मार्ट क्लास आदि की जानकारी से अवगत कराया गया। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष तोरन लाल साहू, उपाध्यक्ष सरिता साहू, उपसरपंच तखत राम साहू, रघुनाथ साहू, होरीलाल साहू, अघनु राम साहू, धनेश्वरी निषाद, गौरी साहू, चमेली साहू, प्रतिमा साहू, कांति साहू, सुमित्रा यादव, इतवारी साहू, बसंत सेन, चंद्रशेखर साहू, आशीष साहू, रामजी साहू, प्राथमिक प्रधान पाठक वीरेंद्र कुमार सिन्हा, शिक्षक लोकेश साहू, ओमनारायण साहू, नीलेश कुमार वर्मा, राधेश्याम ईसदा, रामस्वरूप साहू एवं बच्चों के पालकों की उपस्थिति रही।

## हर बूथ में 50 से ज्यादा तिरंगा फहराने का रखा लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

भाजपा स्वतंत्रता दिवस पर मोर तिरंगा मोर अभिमान यात्रा निकालेगी। इसके अलावा हर बूथ में कम से कम 50 राष्ट्रीय ध्वज फहराए जाएंगे। इसकी तैयारियों को लेकर गुरुवार को बीजेपी के प्रदेश उपाध्यक्ष और राजनांदगांव महापौर मधुसूदन यादव दुर्ग पहुंचे। उन्होंने विधायक, संगठन पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। मधुसूदन यादव ने कहा कि प्रदेश संगठन ने जिस स्तर पर कार्यक्रम के रूपरेखा तैयार किया गया है, उसे हमे पूरा करना है। इसे लेकर मंडल स्तर पर एवं शक्ति केंद्र स्तर पर भी कार्यक्रम करना है। कार्यक्रम को हम दो तरीके से सफल कर सकते हैं। पहला जन भागीदारी और दूसरा शासन-प्रशासन के सहयोग से। तिरंगा झंडा बूथ स्तर पर लगा सकें हमें इसका प्रयास करना है। यह सब हमें सामूहिक रूप से प्रयास करना है। बैठक में अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, विधायक ललित चंद्राकर, गजेंद्र यादव, ईश्वर साहू , जिला संयोजक जितेंद्र वर्मा, महापौर अलका बाघमार, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य उषा टावरी, पूर्व विधायक सांवलाराम डाहरे, डॉ. बालमुकुंद देवांगन, जिला पंचायत उपाध्यक्ष पवन शर्मा, सभापति श्याम शर्मा सहित अन्य मौजूद थे। इस अवसर पर 17 मंडल के अध्यक्ष को तिरंगा भेंट किया गया।

■ भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष और राजनांदगांव महापौर मधुसूदन यादव ने ली बैठक

## पेज 11 के शेष

### डीईओ की पहल : सर्वश्रेष्ठ ...

विकासखंड स्त्रोत समन्वयक कार्यक्रम का आयोजन कर संबंधित शिक्षक, व्याख्याता को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। संकुल का सर्वश्रेष्ठ शिक्षक, व्याख्याता बेस्ट टीचर इन थिस मंथ स्तर कहलायेगा। इसी तरह सभी संकुल से प्राप्त सर्वश्रेष्ठ शिक्षक/व्याख्याता को ब्लॉक लेवल पर पुरस्कृत किया जाएगा और इसे बेस्ट टीचर ऑफ द मंथ ब्लॉक लेवल कहेंगे।चारों विकास खंड से चयनित श्रेष्ठ टीचर को जिला स्तर पर पुरस्कृत किया जाएगा। इस इसे बेस्ट टीचर आफ द मंथ डिसट्रिकट लेबल कहेंगे। जिला स्तर पर सर्वश्रेष्ठ सहायक शिक्षक, शिक्षक, व्याख्याता का चयन जिला शिक्षा अधिकारी, जिला मिशन समन्वयक, जिला परियोजना अधिकारी एवं सहायक संचालक संयुक्त रूप से करेंगे। सर्वश्रेष्ठ शिक्षक या व्याख्याता का चयन करते समय उनकी शैक्षणिक गतिविधियां, नवाचार, समय का पाबंद, अनुशासित, लगनशीलता, कक्षा अध्यापन, वातावरण, तत्परता, दैनिक संधारण, कर्तव्य परायणता, को देखा जाएगा। इसी तरह से जिस दिन ब्लाक लेवल के लिए सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों का चयन किया जाएगा, उसी दिन संकुल के सर्वश्रेष्ठ संकुल समन्वयक का भी चयन किया जाएगा। जो बेस्ट सीएसी आफ द मंथ ब्लॉक लेवल कहलाएगा और उससे प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। चारों विकासखंड से चयनित एक सर्वश्रेष्ठ संकुल समन्वयक को जिला स्तर पर पुरस्कृत किया जाएगा।

**इस बार टॉप टेन की सूची में 20 को लाने का संकल्प :** जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे ने कहा है कि वर्तमान सत्र में बोर्ड परीक्षाओं में हमारे जिले के सात छात्र छात्राओं में टॉप टेन में अपनी जगह बनाई है। जो हम सबके लिए अत्यंत गर्व बात है। आगामी सत्र में बोर्ड परीक्षाओं की टॉप टेन की सूची में हमारे जिले से 20 छात्र-छात्राओं का नाम सूची में लाने के लिए हम सब दृढ़ संकल्पित है।

### बच्चों की शिक्षा दीक्षा ...

भोज, पास्को एक्ट.. आदि के बारे में पालकों कों विस्तार से जानकारी दिए। सभी पालक बच्चों के शिक्षा में भरपूर सहयोग करने की बात कही, एवं बच्चों के स्तर की जाँच किए। सभी स्वाल्पाहार किए। इस अवसर पर जितेंद्र वर्मा उपसरपंच, रोमन सिंह ठाकुर, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष, डाकवर ठाकुर शिक्षा विद, पंचराम निषाद सतरूपा ध्रुव, उमा साहू, प्रेमनारायण साहू, श्रवण साहू, चंद्रपाल यादव, फिरंता यादव, रेखा ध्रुव, मीना यादव, रामकुवर गोड़, इन्द्राणी यादव, दूरपत विश्वकर्मा, प्रीति साहू सहित बड़ी संख्या में पालक गण उपस्थित रहे।

### नगर में हर घर तिरंगा ...

किया जाना सुनिश्चित है। साथ ही इन गतिविधियों में युवाओं, छात्र समूह एवं नागरिक समाज संगठनों की भागीदारी सुनिश्चित किया जाना तय है। हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता अभियान की क्रियान्वयन की नियमित जानकारी भारत सरकार की पोर्टल पर अपडेट करना अनिवार्य है । शुक्रवार को नगरी निकाय परपोड़ी के परिसर से इस कार्यक्रम का आगाज हुआ है। रैली में नगर पंचायत अध्यक्ष देशु राम साहू, सीएमओ विनीत सिंह, पार्षद विजय वैष्णव, पार्षद गिरजा देवांगन, दिनेश कोठारी, अरशद कुरैशी, राकेश पाण्डेय, स्व-सहायता समूह की महिलाएं शामिल हुईं।


## बिजनेस साइट

### रक्षाबंधन पर अनंतरा मार्ट में आकर्षक ऑफर्स की भरमार

**रायपुर।** रक्षाबंधन और त्योहारी सीजन पर सुपरमार्केट चेन अनंतरा मार्ट में राखी स्पेशल के तहत अनंतरा मार्ट में मिठाइयों, नमकीन, बिस्किट और कुकीज़ पर विशेष छूट मिल रहा है। साथ ही त्योहारों के रौनक के बीच ग्राहक अनंतरा मार्ट की 'दुबई महा धमाका ऑफर' का फायदा उठा सकते है। इस स्कीम के तहत ग्राहक केवल 1799 की खरीदारी पर एक कूपन प्राप्त कर सकते हैं, जिससे दुबई की तीन रातों की यात्रा जीतने का मौका मिलता है। इसके साथ ही कूपन संख्याओं के आधार पर ग्राहकों को कई आकर्षक उपहार भी दिए जा रहे हैं। इसके अलावा एक्सक्लूसिव ऑफर के तहत 1999 रु की खरीदी पर एक




वाटर बॉटल फ्री मिलेगा और 4999 रू की खरीदी पर एक टिफिन बॉक्स फ्री मिलेगा। ये सभी ऑफर अनंतरा मार्ट के सभी आउटलेट्स में उपलब्ध है। इन आउटलेट्स पर उपभोक्ताओं को एक ही छत के नीचे ग्रॉसरी, फूड्स, डेली नीड्स आइटम्स, केयर प्रोडक्ट्स, डेकोर, फर्निशिंग और स्टेशनरी आइटम्स सहित अनेक उत्पाद उपलब्ध हैं।

## खबर संक्षेप



### पालक बैठक का उद्देश्य है माता-पिता और शिक्षक के बीच संबंध स्थापित करना

**बेमेतरा।** प्राथमिक शाला डीहपारा बासीन विकासखंड साजा में शिक्षक पालक मेगा बैठक का आयोजन किया गया। यह एक ऐसी व्यवस्था है जिससे माता पिता और शिक्षक एक साथ बैठ कर छात्र की शैक्षणिक प्रगति व्यवहार और स्कूल में उसके प्रदर्शन के बारे में चर्चा करते हैं। इस अवसर पर शाला के प्रधान पाठक गोपी चरण साहू ने कहा कि शिक्षक पालक बैठक का मुख्य उद्देश्य माता पिता और शिक्षक के बीच संबंध स्थापित करना है। ताकि वे बच्चे के विकास में सहयोग कर सके। इस दौरान माता पिता बच्चे के स्कूल में प्रदर्शन उसकी कमजोरियों, सामाजिक और भावनात्मक विकास के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। शिक्षक भी माता पिता को बच्चों की सीखने की शैली उसकी समस्याओं और स्कूल में उसकी भागीदारी के बारे में जानकारी देते हैं। उक्त बैठक में पढ़ने का कोना घर का वातावरण छात्र दिनचर्या बच्चों ने आज क्या सीखा बस्ता रहित शनिवार आय जाति प्रमाण पत्र न्योता भोजन यूडाइस अपार आईडी मुख्य मंत्री शिक्षा गुणवता जैसे विषयों पर चर्चा की गई।
इस अवसर पर शाला परिवार से शिक्षिका सीमा रानी देवांगन, तीरीथ बाई, जमुना ठाकुर, पुन्नी लाल गोंड शाला समिति के सक्रिय सदस्य विनोद निषाद, राजकुमार, लीला बाई, किरण, मीना, सावित्री कलेसिया, यशोदा, सेवक ठाकुर, द्वारका यादव सहित भारी संख्या में पालकगण उपस्थित रहे।

### मिडिल स्कूल में हुई पालक-शिक्षक बैठक



**बेमेतरा।** पूर्व माध्यमिक शाला भोथीडीह में पालक-शिक्षक बैठक हुई। ग्राम सोनपुरी, पुरान व भोथीडीह के पालक इस बैठक में सम्मिलित हुए। संस्था के प्रभारी अमीन कुमार बंजारे ने शासन द्वारा निर्धारित अनिवार्य 11 मुद्दों को पढ़कर सुनाया एवं इस पर विस्तार से चर्चा की गई। घर का वातावरण, छात्र दिनचर्या,बच्चे ने आज क्या सीखा,बच्चा बोलेगा बेझिझक,बच्चों की अकादमिक प्रगति एवं परीक्षा पर चर्चा,बस्ता रहित शनिवार,विद्यार्थियों के आयु, कक्षा अनुरुप स्वास्थ्य परीक्षण एवं पोषण की जानकारी,जाति, आय, निवास प्रमाण पत्र,न्योता भोजन,विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी पर चर्चा,पास्को एक्ट 2012 का व्यापक रुप से प्रचार-प्रसार करना आदि प्रमुख मुद्दों पर गंभीरता से चर्चा की गई। बैठक में गांव के सरपंच चंद्रिका मानकचंद, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष कुमदास जोशी, उपाध्यक्ष ईश्वरी डहरिया, किरनगेंड्रे, गोविंद, थानूराम साहू, शिक्षक अमेरिका सिंह नेताम के साथ-साथ पुरान, सोनपुरी तथा भोथीडीह के अनेक पालक सम्मिलित हुए।

## आयोजन

### बच्चों को दिए जाने वाले मध्यान्ह भोजन का पालकों ने किया निरीक्षण

# पालक-शिक्षक संवाद से शिक्षा में निखार की उम्मीद, साल्हेपुर स्कूल में हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

शासकीय प्राथमिक शाला साल्हेपुर, विकासखंड बेरला में दिनांक 7 जुलाई 2025 को पालक शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य शिक्षक और पालकों के बीच बेहतर संवाद स्थापित करना, पालकों को बच्चों की प्रगति से अवगत कराना और बच्चों के भविष्य की संभावनाओं का आकलन करना था। यह पालक शिक्षक बैठक राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के मंशा अनुरूप आयोजित की गई थी। बैठक में शाला के प्रधान पाठक अंबालिका पटेल ने कहा कि इस बैठक का उद्देश्य बच्चों के शारीरिक, मानसिक और सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय और पालक के मध्य बेहतर संबंध स्थापित कर बच्चों के अध्यापन शैली में सतत रूप वृद्धि को महत्व दिया गया।बैठक में निम्नलिखित उद्देश्यों पर चर्चा की गई। बच्चों की संपूर्ण गतिविधियों से पालक को अवगत कराना।शिक्षक और पालकों के संयुक्त प्रयास से बच्चों में पढ़ाई के प्रति सकारात्मक माहौल बनाना।

ड्रॉप आउट रोकने के लिए पालकों की भूमिका को सुनिश्चित करना। बैठक के दौरान शाला में बच्चों को दिए जाने वाले मध्यान भोजन का भी पालकों के द्वारा निरीक्षण किया गया, जिससे उन्हें संतुष्टि प्राप्त हुई। बैठक में शाला के शिक्षक डांगेंद्र निषाद, शाला विकास प्रबंधन समिति के अध्यक्ष चोवा राम यदु, पांच एवं भूतपूर्व सरपंच प्रकाश गायकवाड, व्यास नारायण कुर्रे, पांच एवन कुमार यादव , ग्राम पंचायत सचिव विनोद देशलहरे और शैलेन्द्र कुर्रे सहित शाला में अध्यापन कर रहे सभी विद्यार्थियों के पालक अभिभावक उपस्थित थे। बैठक के अंत में शाला के शिक्षक डांगेंद्र निषाद द्वारा उपस्थित पालकों के प्रति धन्यवाद और आभार ज्ञापित किया गया। यह बैठक सफलतापूर्वक संपन्न हुई और इससे शाला के विकास और बच्चों के हित में सकारात्मक परिणाम की उम्मीद है।



### पालक-शिक्षक बैठक में छात्रों की शिक्षा पर हुई चर्चा



■ अग्निवीर बेटे एवं परिवार के साथ मनाया गया रक्षाबंधन का पर्व

**बेमेतरा।** साजा विकास खण्ड के उच्चतर माध्यमिक शाला रानो में प्रथम मेगा पालक शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। इसमें सर्वप्रथम मां शारदे की पूजा अर्चना तीनों ही संस्थाओं के समिति के अध्यक्ष पुरुषोत्तम साहू, मंशाराम साहू एवं बेदराम साहू एवं पालकों के द्वारा की गई। शिवम, ईशा एवं गंगा ने उपस्थित सभी पालकों का गुलाल लगाकर स्वागत किया। नवाचारी शिक्षिका प्रतीक जैन ने इस अवसर पर पिछले सत्र चयनित हुए अग्निवीर बेटों द्रुवेन्द्र वर्मा एवं धनेश्वर साहू तथा उनके परिवार को भी आमंत्रित किया। माध्यमिक विभाग की बालिकाओं ने उनका गुलाल लगाकर स्वागत किया, आरती उतारी, मुंह मीठा कराया तथा रक्षाबंधन के पवित्र पर्व को देखते हुए उन्हें राखी भी बांधी तथा उन्हें श्रीफल से सम्मानित किया गया। वर्तमान में उपस्थित अग्निवीर बेटे द्रुवेन्द्र ने अपनी भावनाएं भी सभी के समक्ष रखी तथा शिक्षिका एवं संस्था के प्रति आभार प्रदर्शन भी किया। प्रधान पाठक किशुनराम साहू ने मेगा बैठक के शासन द्वारा निर्देशित विभिन्न बिंदुओं को सभी के समक्ष क्रमशः रखा तथा उन पर सभी के द्वारा चर्चा परिचर्चा की गई। प्राचार्य द्वारिका राम वर्मा ने विभिन्न स्तर के बच्चों के अनुरूप किस तरह कार्य करना है इस पर प्रकाश डाला। नवाचारी शिक्षिका प्रतीक जैन ने कमजोर स्तर के बच्चों को भी किस तरह आगे लाना है विचार विमर्श किया तथा उनके लिए अपने किए जा रहे कार्यों को भी बताया। साथ ही कहा कि शिक्षक, पालक और बालक हम सभी को बालकों एवं शाला के विकास के लिए कार्य करना है। इस अवसर पर तीनों संस्था के प्रमुख, तीनों ही संस्था के समिति के अध्यक्ष, शिक्षक-शिक्षिकाएं, पालक एवं बच्चे उपस्थित रहे।

### सेजेस कन्या विद्यालय में पालक-शिक्षक बैठक




**बेमेतरा।** सेजेस कन्या विद्यालय में पालक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य यह था कि पालक और शिक्षक मिलकर बच्चों की शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार कैसे किया जा सकता है, इस पर विचार-विमर्श किया जाए। बैठक में शासन से प्राप्त विभिन्न निर्देशों की जानकारी पालकों को प्रदान की गई तथा बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के दौरान जाति, निवासी, आय प्रमाण पत्र एवं आधार आईडी बनवाने के संबंध में भी मार्गदर्शन दिया गया। इसके साथ ही एफ.ए.-1 परीक्षा परिणाम पर विस्तार से चर्चा की गई। पालक-शिक्षक बैठक में प्रमुख बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई, जिनमें मेरा कोना, छात्र दिनचर्या, बच्चे ने आज क्या सीखा, बच्चा बोलेगा बेझिझक, परीक्षा पर चर्चा, न्योता भोज, बस्ता रहित शनिवार, जाति, आय एवं निवास प्रमाण पत्र जैसे विषय शामिल थे। इस दौरान पालकों ने भी अपने-अपने सुझाव प्रस्तुत किए, जिससे विद्यालय और अभिभावकों के बीच बेहतर संवाद स्थापित हुआ। बैठक में बड़ी संख्या में पालकगण शामिल हुए। इस अवसर पर संस्था के प्रधान पाठक रामेश्वर प्रसाद बंजारे एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं चेतन कुमार देवांगन संतोष कुमार यादव लक्ष्मी पांडे देवकी साहू सुनीता बंजारे रेणुका अग्रवाल लक्ष्मीनी साहू के द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाया गया।

### बेरला के स्कूलों में मेगा पालक शिक्षक बैठक व रक्षाबंधन का आयोजन




बेरला। नगर बेरला के प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पालक शिक्षक मेगा बैठक आयोजित किया गया। इस अवसर पर बहुत से सुझाव मिला और कुछ स्कूल में शाला विकास समिति के लिए नया सदस्य भी नियुक्ति किया गया। सभापति शिवझड़ी सिन्हा ने बताया कि प्रथम गुरु माता-पिता के चरणों में नमन करते हुए शिक्षा ही जीवन का ही सार है, शिक्षक और विद्यार्थी एक दूसरे का पूरक माना जाता है। स्कूल परिसर में विद्यार्थियों का अनुशासन ही माता-पिता गुरुजनों का सम्मान देते हैं। इस कार्यक्रम में समिल्लित हुए बलराम यादव नप. सभापति, जयप्रकाश बघेल पार्षद, अध्यक्ष जनभागीदारी, तोमेश्वरी साहू, शाला विकास समिति अध्यक्ष स.वि. चौहान, उपाध्यक्ष राघव सिन्हा, बीईओ बेरला जयप्रकाश मरकाम, प्राचार्य अर्चना साव, प्राचार्य पूर्णिमा दास, बृजेश अग्रवाल, प्रधान पाठक तारकेश्वर साहू, कौशल साहू, छात्रावास अधीक्षक वर्मा, हेमचंद बघेल, नीतू धीवर, नरेश साहू सहित समस्त शिक्षकगण, पालक जन, विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षक पालकों ने बनाई योजनाएं



**बेमेतरा/देवकर।** शासकीय पूर्व माध्यमिक एवं प्राथमिक शाला राखी विकासखंड साजा में प्रथम पालक शिक्षक मेगा बैठक आयोजित की गई। जिसमें सर्वप्रथम मां सरस्वती पूजन और वंदना तथा स्वागत गीत से कार्यक्रम की शुरूआत हुई।

■ राखी स्कूल में मेगा बैठक का आयोजन

उसके पश्चात उपस्थित पलकों का स्वागत गुलाल और पुष्प गुच्छ से शाला नायक टोया मानिकपुरी एवं चंद्रेश के द्वारा किया गया। तत्पश्चात बच्चों के मासिक आकलन पर चर्चा हुई।पालकों के इस मेगा बैठक के मुख्य 11 एजेंडा पर विस्तृत चर्चा हुई और उपस्थित माताओं को विशेष रूप से बच्चों को घर में भी पढ़ाई के प्रति रुचि बढ़ाने के आयामों पर चर्चा की गई। बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु पालक और शिक्षक के साझा सहयोग में ही सफलता हेतु पालकों को जागरूक करने का प्रयास किया गया। पालकों द्वारा उपरोक्त चर्चा में अपने बच्चों एवं विद्यालय के प्रति अपने दायित्वों को निभाने हेतु सहमति प्रदान की गई। इस प्रकार बड़ी संख्या में पालकों की उपस्थिति इस बैठक में रही। कार्यक्रम के अंत में प्रधानपाठक गायत्री जोगी एवं दीपा म्रिचंदे द्वारा आभार व्यक्ति किया गया।इस बैठक में शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष राकेश टंडन, टहलराम साहू सदस्य और पालक राकेश, पूरन, रामेश्वरी, सावित्री, दुलारी, दूरपति सुरेश, जितेंद्र, ओमप्रकाश यादव, माया राम यादव, योगेश,भक्ता, हेमंत यादव ,नीलम देवांगन, देखता साहू, किरण कुंजाम, प्रतीक्षा दुबे एवं बड़ी संख्या में माताएं उपस्थित हुई।

# डीएवी जांता में हर्षोल्लास से मनाया रक्षाबंधन का पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा/दाढ़ी



नगर पंचायत दाढ़ी से 8 किलोमीटर की दूरी पर स्थित क्षेत्र के एकमात्र सीबीएसई स्कूल डी ए वी जांता में रक्षाबंधन की पूर्व दिवस पर रक्षाबंधन एवं विश्व आदिवासी दिवस मनाया गया। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई । कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य पी एल जायसवाल ने दीप प्रज्वलित करके किया।

इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा रक्षाबंधन और आदिवासी दिवस पर सभी चारों हाउस बोर्ड दयानंद हाउस, विवेकानंद हाउस, श्रद्धानंद हाउस, और महात्मानंद हाउस में भाई-बहन के पवित्र रिश्ते व आदिवासी संस्कृति को बेहद खूबसूरती से सजाया । बच्चों के कलाओ को निखारने के लिए अन्य गतिविधियां जैसे राखी बनाना, आरती की थाल सजावट,पोस्टर मेकिंग और मेहंदी प्रतियोगिता रखा गया था जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। इसके अतिरिक्त बच्चों के द्वारा आदिवासी लोकगीतों पर संगीत और नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियाँ दी गईं। जिसमें आदिवासी संस्कृति व उनकी वेशभूषा की झलक दिखाई दी। कार्यक्रम के समापन उद्बोधन में प्राचार्य पी एल जायसवाल ने रक्षाबंधन के सामाजिक और सांस्कृतिक महत्व के साथ-साथ आदिवासी समुदाय के योगदान को भी रेखांकित किया और बताया कि रक्षाबंधन भारतीय संस्कृति का पवित्र त्यौहार है जो भाई–बहन के प्रेम रूपी धागे के अटूट बंधन का प्रतीक है।

आदिवासी दिवस के विषय में प्राचार्य ने बच्चों को बताया कि भगवान " पृथ्वी आबा" बिरसामुंडा की जयंती पर आदिवासी दिवस मनाया जाता है। जो आदिवासी जनजाति व आदिवासी समुदाय की उन्नति करने वाले महान स्वतंत्रता सेनानी थे जिन्हें /"धरती आबा/" (पृथ्वी का पिता) के रूप में भी जाना जाता है। उक्त कार्यक्रम के अवसर पर शिक्षक,अखलेश पटेल,गोविंद साहू, अनिल चंद्रवंशी ,राजा तंतुवाय, अभिषेक दुबे, विमल साहू, स्वप्निल शर्मा, कैलाश सिंह, संदीप साहू, ऐश्वर्या देशमुख, प्रवीण देवांगन, अमित साहू, अनिल चंद्रवंशी, आयुषि जैन, पूनम शर्मा, रितिका साहू, रेणुका पटेल, शोभा रानी साहू, साक्षी शर्मा, दीपिका वर्मा, ममता चंद्राकर, प्रीति यादव, लेखनी चंद्राकर, अन्नू चंद्राकर, आर्यनिधि शर्मा,भारती बंजारे, गौरी यादव, सुखदेव, युवराज, विजय, नरेश, सुभाष, रूखमणी, रामेश्वरी सहित छात्र- छात्राएं शामिल हुए।



### फरी स्कूल में हुई राखी बनाओ प्रतियोगिता

**बेमेतरा।** प्राथमिक विद्यालय फरी विकासखंड बेमेतरा में इस वर्ष भी राखी बनाओ प्रतियोगिता एवं सामूहिक रक्षाबंधन का आयोजन किया गया। इसमें सभी कक्षा के बच्चों ने रंग बिरंगी राखियां बनाई। बच्चों ने उन, धागा, कलर पेपर, मोती माला और स्टोन का उपयोग करके तरह तरह के डिजाइन की राखिया बनाई। प्रधान पाठक बजरंग शर्मा ने रक्षाबंधन के बारे में सभी बच्चों को जानकारी दी और बताया की भारत के कई त्योहारों में रक्षाबंधन का खास स्थान होता है। राखी बनाओ प्रतियोगिता में कक्षा चौथी से देवराज पटेल प्रथम स्थान, कक्षा चौथी से आयुष डेहरे द्वितीय स्थान, कक्षा पांचवी से इशिका ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

■ बहनों ने भाइयों को तिलक लगाया और आरती उतारी

विजेता बच्चों को 15 अगस्त में पुरस्कृत किया जायेगा। तत्पश्चात सभी कक्षाओं के बहनों ने अपने भाइयो को तिलक लगाकर आरती उतारी, उनकी कलाई में राखी बांधी और मिठाई खिलाई। भाइयों ने अपनी बहनों की सुरक्षा का संकल्प लिया। इस प्रकार के आयोजन प्रत्येक शाला में होना चाहिए क्योंकि ऐसे गतिविधि से बच्चों में रचनात्मक और नैतिक मूल्यों का विकास होता है। इस आयोजन को सफल बनाने मे शाला के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं की भूमिका रही।

## प्राथमिक स्कूल के छात्रों ने पुलिस जवान को बांधी राखी



**दाढ़ी।** प्राथमिक विद्यालय दाढ़ी में राखी पर्व मनाया गया, जिसमें नगर पंचायत दाढ़ी के थाना प्रभारी एवं स्टॉफ शामिल हुए। थाना प्रभारी रोशन लाल द्वारा बच्चों को यातायात नियम, पास्को एक्ट, गुड टच बेड टच, साइबर ठगी के बारे में बताया। संस्था से आरती गुप्ता, प्रतिमा भंडारी, भुनेश्वरी कुंभकार ने बॉडर पर जवानों को राखी भेजी। बच्चों ने सभी पुलिस जवानों को राखी बांधी। संस्था प्रमुख चंद्रभान सिंह धुर्वे ने आभार प्रकट किया गया। संस्था ओर से सभी अभिवादन किया गया, जिसमें थाना स्टॉफ आरक्षक चंद्रकुमार पटेल, छन्नू प्रसाद टंडन, कपीश कुमार चंद्रवंशी, संस्था से चंद्रभान सिंह धुर्वे प्रधान पाठक, माहेश्वर सिंह चंदेल, आरती गुप्ता, प्रतिमा भंडारी, भुनेश्वरी कुंभकार, राजिम जायसवाल, ललिता कुंभकार, अनुसुइया निषाद, डोमन धुर्वे एवं कॉलेज छात्र अनुवय गुप्ता आदि उपस्थित थे।

### राखी बनाओ स्पर्धा में मनीषा प्रथम



**बेमेतरा।** शासकीय प्राथमिक शाला डूड़ा में राखी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सभी बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और बहुत ही सुंदर तरीके से राखीयाँ बनाई बच्चों ने राखी बनाने के लिए धागा, ऊन, मोती, बिंदी, रिबन आदि का उपयोग किया। प्राथमिक स्तर के बच्चों द्वारा बनाई गई इस राखी में उनकी रचनात्मक शैली प्रदर्शित हो रही थी ।विद्यालय की शिक्षिका शिखा चौबे की प्रेरणा से बच्चों ने इस गतिविधि में भाग लिया इस आयोजन में शिक्षक राजु सिंह देवांगन ने भी अपनी सहभागिता दी । प्रधान पाठक इलीजा बड़ा ने बच्चों की भूरि भूरि प्रशशा की। प्रथम स्थान कु. मनीषा, द्वितीय स्थान गोपाल और तृतीय स्थान में कु. प्राची रही जिसे शिक्षिका इलीजा बड़ा और शिखा चौबे द्वारा पुरस्कृत किया गया।

### आदिवासियों के संरक्षण व संवर्धन के संबंध में दी कानूनी जानकारी

# अजा-अजजा छात्रावास में लगा विधिक जागरूकता शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, प्री मैट्रिक अनुसूचित जनजाति बालिका छात्रावास तथा बालक छात्रावास, पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जनजाति बालक छात्रावास में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में एलएडीसी अधिवक्तागण एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बेमेतरा के समस्त अधिकार मित्रों द्वारा उपस्थित बालक-बालिकाओं को नालसा व सालसा द्वारा संचालित आदिवासियों के अधिकारों का संरक्षण और प्रवर्तन के लिए विधिक सेवाएं योजना 2015 की जानकारी दी गई। जिसका उद्देश्य आदिवासियों के अधिकारों की रक्षा करना और उन्हें कानूनी सहायता प्रदान करना है। यह योजना विशेष रूप से उन आदिवासियों के लिए है जो कानूनी सहायता से वंचित है या जिन्हें अपने अधिकारों के बारे में जानकारी नहीं है। नालसा द्वारा संवाद योजना 2025 प्रारंभ किया गया है, जिसमें हासिये पर पड़े अनुसूचित जनजातियों या विशेष रूप से कमजोर जनजातिय समूहों तथा घुमंतू विमुक्त, खानाब्दोष आदिवासियों के संरक्षण व संवर्धन के संबंध में बालक-बालिकाओं को महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। उक्त शिविर में इलेक्ट्रानिक डिवाईस प्रोजेक्टर के माध्यम से पॉक्सो एक्ट अधिनियम आदिवासियों अत्याचार अधिनियम जिसे अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति अधिनियम की जानकारी शार्टमूवी के माध्यम से दी गई। उक्त शिविर पर समस्त अधिकार मित्रों द्वारा नालसा के विभिन्न अधिनियमों के प्रावधानों से भी उन्हें अवगत कराया गया। तालुका विधिक सेवा समिति, साजा में स्थित शासकीय प्री-मैट्रिक अनुसूचित जाति बालक छात्रावास में अधिकार मित्र के द्वारा उपस्थित बालकों को कानूनी अधिनियमों व आदिवासियों के अधिकारों के संबंध में जानकारी दी गई।





